नागर सिंह चौहान
मंत्री
वन, पर्यावरण एवं अनुसूचित जाति
कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश शासन, भोपाल

निवास : रामसिंह की चौकी
चौहान कृषि फार्म, आलीराजपुर
तहसील एवं जिला – आलीराजपुर
( म.प्र. ) पिनकोड – 457887
मो.नं. 9425104067

क्रमांक F:20835881/2024/07/मा.मं.व.प.अ.जा.क./2023-24

भोपाल, दिनांक :24.06.2024

## वन महोत्सव-2024

## संदेश

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रकृति के प्रति जन चेतना जाग्रत करने के उद्देश्य से वन महोत्सव मनाया जा रहा है। हमारे जीवन में वृक्ष बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृक्ष हमें फल और औषधि देने के साथ ही अनेक जीवों को अपने आश्रय में स्थान देकर पर्यावरण के संरक्षण में भी योगदान करते हैं।

राज्य सरकार द्वारा वनों के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ ग्रामीणों के सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में नीतिगत निर्णय लेते हुए प्रभावी पहल की गई है, जिसका लाभ प्रदेश वासियों को मिल रहा है। प्रदेश में गठित संयुक्त वन प्रबंधन समितियां वन संवर्धन और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

राज्य शासन ने वनों के संवहनीय विकास के साथ ग्रामवासियों को वनोपज पर आधारित रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया है। निजी क्षेत्र में पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

मुझे विश्वास है कि प्रदेश को हरा-भरा बनाये रखने में वन विभाग के साथ-साथ पंचायत संस्थाओं, शिक्षण तथा स्वैच्छिक संगठन अपनी भूमिका का निर्वहन पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ निभाएंगे।

वन महोत्सव की सफलता के लिए शुभकामनाएं।

Nagrmm

(नागर सिंह चौहान)
मंत्री
वन, पर्यावरण, अनुसूचित जाति
मध्यप्रदेश शासन



वर्तमान निवास – कक्ष क्र. 3 प्रियदर्शनी फारेस्ट रेस्ट हाऊस, चार इमली, भोपाल ( म.प्र. ) 462016